सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-455
23/09/2017

सचिव (पूर्वी) विदेश मंत्रालय भारत सरकार ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना 23 सितम्बर, 2017 :– आज 1 अणे मार्ग में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से सचिव (पूर्वी) विदेश मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती प्रीति शरण ने मुलाकात की और नालंदा विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को नालंदा विश्वविद्यालय के लिये जमीन उपलब्ध कराने हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सुनैना सिंह ने नालंदा विश्वविद्यालय के भवन निर्माण कार्य और विजन के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो और अपने भवन में वर्ग कक्ष चले।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री एन0के0 सिंह एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे।

******